

jalandharcitylive.com | jalandharcitylive | jalandharcitylive | jalandharcitylive

जालंधर

24 घंटे 365 दिन सिटी लाइव न्यूज

*** अनमोल वचन ***

"जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।"

वर्ष:5 | अंक : 282 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, मंगलवार 27 अक्तूबर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913



हम महर्षि भगवान वाल्मीकि तीर्थ स्थल को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर रहे हैं: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

जालंधर सिटी लाइव









अमृतसर। महर्षि भगवान श्री वाल्मीकि जी के प्रगट दिवस के अवसर पर नतमस्तक होते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने उनकी महान विरासत की सुरक्षा-संभाल और समानता, मानवता तथा धर्म के बारे में उनकी शिक्षाओं के प्रसार के प्रति पंजाब सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि तीर्थ स्थल को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और इसके सौंदर्यीकरण के लिए 17.72 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके माध्यम से उनकी सरकार धार्मिक स्थानों की पवित्रता को बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित कर रही है। इस बात पर जोर देते हुए कि धार्मिक स्थानों का प्रबंधन धार्मिक हस्तियों और विद्वानों द्वारा किया जाना चाहिए, मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब की धरती पर हर बीज अंकुरित हो सकता है, लेकिन नफरत का बीज इस पवित्र धरती पर कभी नहीं उग सकता। इस समारोह की कुछ झलकियां साझा करते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 'एक्स' पर लिखा- ÷आज मुझे अमृतसर में महर्षि भगवान वाल्मीकि जी के पवित्र प्रकाश पर्व के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में नतमस्तक होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस स्थान के विकास के लिए आज 17.5 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। हमारा मानना है कि धार्मिक स्थानों का प्रबंधन राजनेताओं के बजाय धार्मिक हस्तियों और विद्वानों द्वारा किया जाना चाहिए। पंजाब में हर बीज अंकुरित हो सकता है, लेकिन नफरत का बीज इस पवित्र धरती पर कभी नहीं उग सकता।

महर्षि भगवान वाल्मीकि जी के प्रगट दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, महर्षि भगवान वाल्मीकि जी की आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। इस पवित्र स्थान पर नतमस्तक होने हुए मुख्यमंत्री ने देश-विदेश के श्रद्धालुओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार महर्षि भगवान वाल्मीकि जी द्वारा दिखाए गए धर्म, समानता और मानवता के मार्ग पर चलकर एक समतावादी समाज का निर्माण कर रही है जहां हर व्यक्ति को सम्मान और बराबर के अवसर मिलें महर्षि भगवान वाल्मीकि जी को संस्कृत साहित्य के पितामह और आदि कवि बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ÷महर्षि भगवान वाल्मीकि जी द्वारा रचित अमर महाकाव्य रामायण ने हजारों सालों से मानवता को धर्म का रास्ता दिखाया है। यह रचना बुराई पर सच की जीत का सदाबहार संदेश देती है और सच, नैतिकता, करुणा तथा नैतिक आचरण के लिए एक प्रकाश-स्तंभ के रूप में काम करती है। उन्होंने कहा, ÷महर्षि भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाएं किसी विशेष काल या समुदाय तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये सम्पूर्ण मानवता से संबंधित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, महर्षि भगवान वाल्मीकि जी की अमर रचना रामायण समाज को सच, न्याय, समानता और धर्म के मार्ग पर चलने की दिशा देती आ रही है। ऐसे समय में, जब मानवीय रिश्तों पर भौतिकवादी सोच का प्रभाव बढ़ता जा रहा है।

एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले महान ओलंपियन सुरजीत सिंह के बुत का उद्घाटन

- हॉकी पंजाब अध्यक्ष, डिप्टी कमिश्नर, पुलिस कमिश्नर व ओलंपियनों ने बुत को उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बताया
- पंजाब सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार स्टेडियम तैयार करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर। भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोमवार को ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम में महान ओलंपियन सुरजीत सिंह के कांस्य बुत का उद्घाटन किया गया। बुत के उद्घाटन की रस्म पुरुष हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की पूर्व संध्या पर पंजाब हॉकी अध्यक्ष नितिन कोहली, डिप्टी कमिश्नर वरजीत वालिया, पुलिस कमिश्नर सतिंदर सिंह, ओलंपियन हरप्रीत सिंह मंडेर व बलजीत सिंह ढिल्लों, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जगदीप सिंह गिल तथा फिजिकल कॉलेज, पटियाला की प्रिंसिपल डा. हरमनप्रीत कौर द्वारा संयुक्त रूप से की गई। उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह बुत युवा उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का सदाबहार स्रोत बनेगा। युवाओं को नशों से दूर रखने के लिए खेलों को एक प्रभावशाली ढाल बताते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की प्रदेश की प्राचीन खेल विरासत को फिर से जीवंत करने की दूरदर्शी सोच पर प्रकाश डाला। ' खेड़ा वतन पंजाब दीया% जैसी पहल और अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब सरकार द्वारा पहले ही यह स्टेडियम महान ओलंपियन को समर्पित किया जा चुका है और अब राज्य सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानकों का बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर स्टेडियम का नवीनीकरण किया गया है। उल्लेखनीय है कि ओलंपियन सुरजीत सिंह रंधावा विश्व हॉकी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक थे, जिन्हें उनके असाधारण रक्षात्मक कौशल के लिए जाना जाता है। भारतीय राष्ट्रीय हॉकी टीम के स्तंभ के रूप में उन्होंने 1976 में मॉन्ट्रियल ओलंपिक्स, दो विश्व कप तथा 1974 व 1978 की एशियाई खेलों में देश का प्रतिनिधित्व किया। उनकी लोकप्रियता 1975 में और बढ़ गई जब उन्होंने कुआलालंपुर में भारत को ऐतिहासिक विश्व कप जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित उनकी विरासत भारतीय हॉकी को हमेशा गढ़ती रहेगी।

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट से पहले कप्तानों ने भरी हुंकार, बोले- हर टीम को देंगे कड़ी टक्कर

आज शाम 5 बजे नवनिर्मित हॉकी स्टेडियम का उद्घाटन करेंगे सीएम मान

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर/सिद्धू: जालंधर में 27 अक्टूबर से एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत होने जा रही है। टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों और हॉकी प्रेमियों में उत्साह है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान 27 अक्टूबर को शाम 5 बजे नवनिर्मित हॉकी स्टेडियम का उद्घाटन करेंगे। जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री के प्रयासों से इस स्टेडियम को रिकॉर्ड चार महीनों में तैयार किया गया है। टूर्नामेंट से एक दिन पहले सोमवार को छह टीमों के कप्तानों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी तैयारियों, टीम संयोजन और प्रदर्शन को लेकर विचार साझा किए। टूर्नामेंट से पहले आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कप्तानों ने कहा कि एशियन चैंपियंस ट्रॉफी उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सभी टीमों का लक्ष्य मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। कप्तानों ने बताया कि टीमों में कुछ नए खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है, ऐसे में उनकी कोशिश रहेगी कि नए और अनुभवी खिलाड़ियों के तालमेल से हर मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन किया जाए। टूर्नामेंट में किसी भी विरोधी टीम को हल्के में नहीं लिया जाएगा। सभी टीमें अच्छी तैयारी के साथ मैदान में उतरेंगी और हर मैच में चुनौती देने की कोशिश करेंगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मलेशिया के कप्तान ने एशियन गेम्स में रजत पदक जीतने पर टीम का गर्व जाहिर किया। उन्होंने कहा कि टीम आगामी टूर्नामेंट में भी बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। मलेशियाई कप्तान ने भारतीय हॉकी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह के प्रदर्शन की भी तारीफ की। उन्होंने पिछले टूर्नामेंट में मनप्रीत के खेल को अच्छा बताया और कहा कि मलेशियाई टीम इस बार भी अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेगी। कप्तानों ने टीम में शामिल नए खिलाड़ियों को लेकर कहा कि भले ही कुछ खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कम मैच खेलने का अनुभव हो, लेकिन उन्हें टीम की रणनीति और खेलने के तरीके की जानकारी है। टीम प्रबंधन की कोशिश रहेगी कि नए खिलाड़ी दबाव में आए बिना अपनी क्षमता के अनुसार खेलें। कप्तानों ने भरोसा जताया कि अनुभवी खिलाड़ियों के साथ मिलकर नए खिलाड़ी भी टीम के प्रदर्शन में योगदान देंगे।

पंजाब में पहली बार टूर्नामेंट खेलने को उत्साहित

कुछ कप्तानों ने पंजाब में पहली बार टूर्नामेंट खेलने को लेकर उत्साह जताया। उन्होंने कहा कि उनका ध्यान मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन करने पर रहेगा। इस स्तर के टूर्नामेंट में हर टीम मजबूत तैयारी के साथ आती है, इसलिए किसी भी प्रतिद्वंद्वी को कम आंकना सही नहीं होगा। भारतीय टीम के हालिया प्रदर्शन का भी जिक्र हुआ। सभी टीमों के सामने चुनौतीपूर्ण मुकाबले होंगे और मैदान पर प्रदर्शन ही परिणाम तय करेगा।

जालंधर में 6 नवंबर को सजेगा विशाल कीर्तन दरबार

नई सब्जी मंडी मकसूदां में श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजन

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर/सिद्धू: जालंधर में नई सब्जी व फ्रूट मंडी आढ़ती एसोसिएशन, मकसूदां द्वारा समूह मंडी के सहयोग से 6 नवंबर, शुक्रवार को विशाल महान कीर्तन दरबार का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। यह धार्मिक समागम सरबत के भले (विश्व कल्याण) और पावन बंदी छोड़ दिवस (दिवाली) की खुशी में आयोजित किया जा रहा है। एसोसिएशन के प्रधान गुरप्रीत सिंह 'गोल्डी खालसा' ने बताया कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्र-छाया में होने वाला यह छठा महान कीर्तन दरबार शाम 6 बजे शुरू होकर रात 11 बजे तक चलेगा। समागम के दौरान गुरु का लंगर अटूट बरताया जाएगा। इस धार्मिक समागम में पंथ प्रसिद्ध कीर्तनी जत्थे और महान विद्वान संगत को गुरबाणी कीर्तन और गुरमत विचारों से निहाल करेंगे। देश-विदेश में बैठी संगत के लिए पूरे समागम का सीधा प्रसारण भी चैनलों के माध्यम से किया जाएगा। महामंडलेश्वर स्वामी शांता नंद जी (गोपाल नगर वाले), ज्ञानी सुरजीत सिंह जी (हेड ग्रंथी, गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी), भाई जगतजीत सिंह जी बबीहा (दिल्ली वाले), मीरी पीरी जत्था (जगाधरी वाले), भाई प्रितपाल सिंह जी (कनाडा वाले), भाई ब्रह्मजोत सिंह जी (गोपाल नगर वाले) और ज्ञानी गुरमीत सिंह जी कथावाचक हाजिरी भरेंगे।

कीर्तन दरबार के दौरान लगेगा मुफ्त मेडिकल कैंप

जालंधर की नई सब्जी मंडी मकसूदां में 6 नवंबर को कीर्तन दरबार के स्थान पर ही शाम 7 बजे से रात 9:30 बजे तक मुफ्त मेडिकल कैंप भी लगाया जाएगा। कैंप में त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. तरनप्रीत कौर कालरा (एमडी त्वचा विज्ञान), सीनियर रेजिडेंट, पिम्स जालंधर और बच्चों व नवजात शिशुओं के विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु (एमबीबीएस) मरीजों की मुफ्त जांच करेंगे। इसके साथ ही जरूरतमंदों को दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा धार्मिक सोसाइटियों द्वारा जोड़ों की सेवा, जल सेवा, लंगर व्यवस्था और पार्किंग की सेवा संभाली जाएगी। एसोसिएशन के प्रधान गुरप्रीत सिंह 'गोल्डी खालसा' और नई सब्जी व फ्रूट मंडी आढ़ती एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने जालंधर और आसपास के इलाकों की संगत से परिवार सहित इस महान कीर्तन दरबार में पहुंचकर गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त करने की पुरजोर अपील की है।

जालंधर में बुजुर्ग की मदद करना महिला को पड़ा भारी, सोने की चूड़ियां लेकर हुआ फरार

जालंधर/बादल: जालंधर के दिलबाग नगर में राधा कृष्ण मंदिर के पास एक महिला को बुजुर्ग व्यक्ति की मदद करना पड़ भारी गया, क्योंकि शातिर बुजुर्ग व्यक्ति महिला को अपने बातों में उलझाकर उसकी 4 तोले की सोने की चूड़ियां और गहने लेकर फरार हो जाता है। यह घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। सूचना मिलते ही एडिशनल स॰ाह गुरदीप चंद मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। जांच अधिकारी का कहना था कि पीड़ति के बयानों पर मामला दर्ज किया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दरअसल, पीड़ति बुजुर्ग महिला अंजना शर्मा मंदिर में माथा टेकने के लिए गई थी। एक बुजुर्ग व्यक्ति ने रोका और खाने के लिए पैसे मांगे। तभी एक और व्यक्ति उसके पास आया और खड़े होकर उनकी बातें सुनने लगा। बातों ही बातों में उलझाकर उन्होंने महिला को रुमाल थमा दिया। रुमाल सूंघने के बाद महिला अपनी सुध-बुध खो बैठी और उसे कुछ पता नहीं चल पाया। जिसके बाद दोनों उसकी साढ़े 4 तोले की चूड़ियां और अन्य गहने लेकर फरार हो गए। 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला अंजना शर्मा दिलबाग नगर की रहने वाली है और वह मंदिर के पास गौशाला में रोटी डालने के लिए जा रही थी।

जालंधर में अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़

42 पेटी शराब के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

'फेंड्स वाइन' के ठेकेदार की ओर से मुहैया करवाई थी खेप



जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/जतिन। जालंधर में अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने विशेष नाकाबंदी कर 42 पेटी नाजायज शराब बरामद कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शुरुआती पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि खेप 'फेंड्स वाइन' के ठेकेदार की ओर से मुहैया करवाई थी।

अन्य लोगों के नाम सामने आने की भी संभावना

बीती रात विशेष नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली। वाहन से 42 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की खेप कहां से लाई गई थी और इसे किन इलाकों में सप्लाई किया जाना था। पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जांच के दौरान शराब की सप्लाई से जुड़े अन्य लोगों के नाम सामने आने की भी संभावना है।

पहचान चैरी, इशू निवासी कृष्णा नगर, अश्विनी कुमार निवासी बाल्मिकी मोहल्ला करतार खां, गगनदीप और राम उर्फ बबलू निवासी हरगोबिंद नगर के रूप में हुई है।

26-10-2026_Layout 1 27-10-2026 01:13 Page 2

St. Soldier
GROUP OF INSTITUTIONS
SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE
More Than Just Education...
2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS
ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg.
• Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg.
• Tool Engg. (Automobile Engg.)
HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, • Front Office, Bakery, F&B)
PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science
• D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T.
• B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology
• B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care
• B.Sc. Optometry
LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years)
• B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.
POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg.
• Automobile • Electronics & Communication
MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com
• M.B.A. • Diploma in Business Management
DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)
MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing
INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA
NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)
ADMISSION OPEN
ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing
TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.
INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.
/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हादसा

राहुल गांधी काफिले की गाड़ियां आपस में टकराईं

हादसे के बाद कुछ देर काफिला रुका, इसके बाद राहुल रवाना

जालंधर सिटी लाइव

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के काफिले की गाड़ियां सोमवार सुबह उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर आपस में टकरा गईं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, हादसा तेज रफ्तार के चलते हुआ। इस घटना में कुछ लोगों को हल्की चोटें आई हैं, जबकि राहुल गांधी सुरक्षित हैं। हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर 89.5 माइलस्टोन के पास हुआ। टक्कर के कारण काफिले की एक गाड़ी का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए काफिला रुका, लेकिन इसके बाद राहुल गांधी अन्य गाड़ियों के



साथ सुल्तानपुर के लिए रवाना हो गए। राहुल गांधी सुल्तानपुर की MP-MLA कोर्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जुड़े मानहानि मामले में पेश होने जा रहे हैं। कोर्ट ने राहुल गांधी को पेश होने के निर्देश दिए थे। राहुल गांधी दिल्ली से लखनऊ पहुंचे थे। एयरपोर्ट से निकलने के बाद वह मीडिया से बातचीत किए बिना सड़क मार्ग से सुल्तानपुर के लिए रवाना हो गए। कोर्ट परिसर के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

2018 में दर्ज हुआ था मानहानि का मामला

***भाजपा** नेता विजय मिश्रा ने अगस्त 2018 में राहुल गांधी के खिलाफ केस दर्ज कराया था। आरोप के मुताबिक, राहुल गांधी ने 8 मई 2018 को बेंगलुरु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमित शाह को लेकर टिप्पणी की थी, जिसे शिकायतकर्ता ने मानहानिकारक बताया था। राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने कहा कि मामला फैसले के लिए अदालत में लगा है और उम्मीद है राहुल गांधी को न्याय मिलेगा तथा वह बाइज्जत बरी होंगे।*

दलेर मेहंदी से उत्तराखंड के मंत्री सुबोध उनियाल ने मांगी माफी, मीका सिंह की टीम ने किया स्वागत

- मामले को आपसी समझ और सम्मान के साथ समाप्त करने की बात कही
- सिद्धपीठ मां कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले के दौरान हुआ था ये विवाद

जालंधर सिटी लाइव

मशहूर पंजाबी गायक दलेर मेहंदी के उत्तराखंड में परफॉर्मेंस के दौरान हुए विवाद में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने माफी मांग ली है। मंत्री ने फोन पर दलेर मेहंदी से बातचीत कर घटना पर अफसोस जताया। वहीं, गायक मीका सिंह की टीम ने मंत्री के इस कदम का स्वागत किया है।

मंत्री ने फोन पर दलेर मेहंदी से बातचीत कर घटना पर अफसोस जताया



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल और सम्मानजनक बातचीत के बाद उनके बड़े भाई दलेर मेहंदी इस मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहते थे। अब मंत्री की ओर से फोन पर माफी मांगे जाने के बाद मीका सिंह की टीम ने मामले को आपसी समझ और सम्मान के साथ समाप्त करने की बात कही है। दलेर मेहंदी संगीत जगत के वरिष्ठ कलाकार हैं और उन्होंने इंडस्ट्री में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह विवाद 18 अक्टूबर को टिहरी में आयोजित सिद्धपीठ मां कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले के दौरान हुआ था। कार्यक्रम में दलेर मेहंदी की परफॉर्मेंस के बीच उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल मंच पर पहुंचे थे। उन्होंने गायक के गाने और परफॉर्मेंस पर सवाल उठाए थे। मंत्री की टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया। विवाद के बाद शिल्पा शेट्टी, राजपाल यादव, अनुपम खेर, बादशाह, शान और कपिल शर्मा समेत कई कलाकारों ने मंत्री के व्यवहार पर नाराजगी जताई थी।

उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने की थी पहल

विवाद बढ़ने के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी पहल करते हुए दलेर मेहंदी और मीका सिंह से फोन पर बातचीत की थी। मीका सिंह ने एक बातचीत में बताया था कि मुख्यमंत्री ने बेहद विनम्रता से बात की और मंत्री की ओर से भी अफसोस जताया। मीका के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने दोनों भाइयों को उत्तराखंड आने का न्योता भी दिया। हर कलाकार के साथ सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। टीम ने कहा कि अब इस विवाद को पीछे छोड़कर आपसी समझ और सम्मान के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

मंगलवार को भी हो गया छुट्टी का ऐलान, प्रशासन ने जारी किया नोटिफिकेशन

जालंधर सिटी लाइव

सोमवार के बाद अब मंगलवार को भी सरकारी छुट्टी का ऐलान कर दिया गया है। श्री गुरु रामदास जी के प्रकाश पर्व को लेकर 27 अक्टूबर को अमृतसर में छुट्टी घोषित की गई है। प्रशासन की तरफ से इसका नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। जिस कारण मंगलवार को अमृतसर में सरकारी कार्यालयों, बोर्डों, निगमों और सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में स्थानीय छुट्टी रहेगी। इस फैसले से सरकारी कर्मचारियों को प्रकाश पर्व के अवसर पर छुट्टी का लाभ मिलेगा। प्रशासन द्वारा जारी



नोटिफिकेशन के अनुसार, सरकारी कार्यालयों के अलावा सरकारी बोर्डों और निगमों में भी छुट्टी घोषित की गई है। यह फैसला प्रकाश पर्व के महत्व को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। मंगलवार को संबंधित सरकारी संस्थानों में नियमित कामकाज नहीं होगा। छुट्टी को लेकर प्रशासन की ओर से आदेश जारी किए जा चुके हैं।

सरकारी शैक्षणिक संस्थान भी रहेंगे बंद

अमृतसर में सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में भी स्थानीय छुट्टी रहेगी। प्रशासन की ओर से जारी आदेश के तहत सरकारी शिक्षण संस्थानों को छुट्टी के दायरे में रखा गया है। इस घोषणा के बाद मंगलवार को इन संस्थानों में सामान्य कामकाज नहीं होगा। हालांकि, छुट्टी का दायरा प्रशासन द्वारा जारी नोटिफिकेशन में निर्धारित संस्थानों तक ही लागू रहेगा।

मोगा में घर के बाहर बैठे 4 लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग, 2 की मौत; 2 गंभीर रूप से घायल

- पुरानी रंजिश में इस वारदात को अंजाम दिया गया है

जालंधर सिटी लाइव


मोगा। मोगा में घर के बाहर बैठे 4 लोगों पर अज्ञात हमलावरों ने अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी। गोलियां लगते ही चारों युवक लहूलुहान होकर गिर गए और हमलावर फरार हो गए। इस घटना में 2 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 2 बुरी तरह से घायल हो गए हैं और उनका अस्पताल में ईलाज चल रहा है। इलाके में दहशत का



माहौल है। वहीं डीजीपी गौरव यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पुरानी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया है। 5 आरोपियों पुनीत गाबा, किरण पाल सिंह, कुलविंदर सिंह, बलजीत कौर और जीवन सिंह को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

स्कॉर्पियो से आए थे हमलावर

***जानकारी** के मुताबिक अंगदपुरा मोहल्ले के रहने वाले साहिल जिंदल उर्फ लंबी (32) साथियों गगन, राघव और गोरा के साथ रविवार शाम लगभग 7:15 बजे अपने घर के बाहर बैठे थे। इस दौरान स्कॉर्पियो आकर रुकी, जिसमें सवार युवकों के पास हथियार थे। उन्होंने पहले पता पूछा और फिर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से घायलों को मेडिसिटी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद गगन (44) को मृत घोषित कर दिया। वहीं देर रात साहिल जिंदल ने लुधियाना स्थित डीएमसी अस्पताल में दम तोड़ दिया।*





26-10-2026_Layout 1 27-10-2026 01:13 Page 3

जलालाबाद की राजनीति में नया मोड़, अकाली दल में आते ही आंवला के चुनाव लड़ने की चर्चा तेज

- कांग्रेस का हाथ छोड़कर शिरोमणि अकाली दल का दामन थाम लिया

जालंधर सिटी लाइव

जलालाबाद। पंजाब की राजनीति में रविवार को बड़ा सियासी बदलाव देखने को मिला। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक रामिंदर सिंह आंवला ने कांग्रेस का हाथ छोड़कर शिरोमणि अकाली दल का दामन थाम लिया। चंडीगढ़ में अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने के बाद आंवला ने कहा कि उन्हें गर्व है कि सुखबीर सिंह बादल ने पंजाब की जनता की सेवा के लिए उन पर भरोसा जताया है। उनके अकाली दल में शामिल होने से फिरोजपुर जिले की राजनीति में नए समीकरण बनने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। रामिंदर सिंह आंवला का यह कदम इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि उन्होंने अक्टूबर 2019 में जलालाबाद विधानसभा सीट पर



हुए उपचुनाव में कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। इस सीट को अकाली दल का मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। वह 16 अक्टूबर 2019 से 10 मार्च 2022 तक विधायक रहे। इसके अलावा, गुरुहरसहाय में नगर कौंसिल चुनावों के दौरान भी उन्होंने कांग्रेस को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई थी। वही अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर आंवला का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रामिंदर सिंह आंवला जलालाबाद के साथ-साथ पूरे सीमावर्ती क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव में अकाली दल की जीत सुनिश्चित करने के लिए आंवला से योगदान देने की उम्मीद जताई।

रामिंदर सिंह आंवला ने पार्टी बदलने पर क्या कहा?

रिपोर्ट के मुताबिक, आंवला ने कहा कि पंजाब का दर्द शिरोमणि अकाली दल ही समझता है और पंजाब के मुद्दों का हल भी यही पार्टी निकाल सकती है। उन्होंने अपने साथियों को अपने फैसले के बारे में बता दिया था। जलालाबाद से उन्हें टिकट देना है या किसी दूसरे उम्मीदवार को चुनाव लड़ाना है, इसका फैसला सुखबीर सिंह बादल करेंगे। इसलिए अभी यह कहना सही नहीं होगा कि उन्हें जलालाबाद से टिकट मिलना तय है।

राहुल गांधी को कोर्ट से बड़ी राहत, मानहानि केस में किया बरी

- सुल्तानपुर की स्थानीय कोर्ट ने सुनाया फैसला
- फैसले के बाद कोर्ट के बाहर उत्साहित कांग्रेसी
- पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों पर डांस किया

जालंधर सिटी लाइव

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सुल्तानपुर कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुल्तानपुर की स्थानीय कोर्ट ने अमित शाह से जुड़े मानहानि केस में बरी कर दिया है। दरअसल यह पूरा मामला साल 2018 का है, भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ केस दर्ज कराया था। कोर्ट के फैसले के बाद कोर्ट के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों पर डांस किया, आतिशबाजी की और राहुल गांधी के समर्थन में नारे लगाए।



राहुल गांधी के बयान को लेकर दर्ज की थी शिकायत

भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत की थी, जिसके बाद राहुल पर केस दर्ज किया गया था। आरोप था कि राहुल गांधी ने 8 मई साल 2018 में एक प्रैस कॉन्फ्रैंस के दौरान कहा था कि जो पार्टी ईमानदारी की बात करती है, उसके अध्यक्ष पर हत्या का आरोप है। इसी मामले को लेकर आज सुनवाई हुई, जिसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया।





पंजाब-चंडीगढ़ में बदलेगा मौसम! 28 से बारिश, 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

मौसम को लेकर अहम अपडेट, साफ और शुष्क रहने का अनुमान है

जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। पंजाब और चंडीगढ़ के मौसम को लेकर अहम अपडेट सामने आया है। मौसम साफ और शुष्क रहने का अनुमान है। सुबह और रात के समय हल्की ठंड महसूस हो रही है, जबकि दोपहर में धूप निकलने से मौसम सामान्य बना हुआ है। पंजाब में औसत अधिकतम तापमान में 0.6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। इसके बावजूद तापमान सामान्य के करीब बना हुआ है। बठिंडा में सबसे अधिक 32.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। पंजाब में 28 से 30 अक्टूबर के बीच कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं, 29 और 30 अक्टूबर को कुछ इलाकों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। विभाग के मुताबिक, पाकिस्तान के उत्तर में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और मौसमी सिस्टम के प्रभाव से आने वाले दिनों में मौसम बदल सकता है।



बारिश के बाद बढ़ेगी ठंड?

मौसम में बदलाव और बारिश के बाद सुबह व रात के तापमान में गिरावट आ सकती है, जिससे ठंड का असर बढ़ने की संभावना है। हालांकि, तापमान में कितनी गिरावट आएगी, इसे लेकर अभी स्पष्ट आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में अक्टूबर के आखिरी दिनों में मौसम पर नजर रखना जरूरी होगा। नवंबर में ठंड बढ़ने की संभावना है, लेकिन इसके असर की स्पष्ट तस्वीर आने वाले मौसम पूर्वानुमानों से सामने आएगी।

देश में 100 फीसदी एथेनॉल फ्यूल के इस्तेमाल को मंजूरी, सरकार ने मोटर व्हीकल नियमों में किया बदलाव

- ऑटोमोबाइल कंपनियां ऐसी कारें बाजार में उतारने की तैयारी में हैं
- गजट नोटिफिकेशन जारी, मोटर व्हीकल्स रूल्स में संशोधन किया

हालांकि, ईंधन का उपयोग सामान्य वाहनों में नहीं किया जा सकेगा

जालंधर सिटी लाइव

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश में 100 प्रतिशत एथेनॉल-ब्लेंडेड फ्यूल यानी श्व100 के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है। हालांकि, इस ईंधन का उपयोग सामान्य वाहनों में नहीं किया जा सकेगा। इसे केवल उन्हीं विशेष वाहनों में इस्तेमाल करने की अनुमति होगी, जिन्हें श्व100 फ्यूल के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है और प्रमाणित किया गया है। सरकार का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब कुछ ऑटोमोबाइल कंपनियां श्व100 से चलने वाली कारों को बाजार में उतारने की तैयारी कर रही हैं। केंद्र सरकार ने इस संबंध में गजट नोटिफिकेशन जारी कर सेंट्रल मोटर व्हीकल्स रूल्स में संशोधन किया है। नए नियमों के तहत 100 प्रतिशत एथेनॉल-ब्लेंडेड फ्यूल के इस्तेमाल के लिए जरूरी प्रावधान किए गए हैं। इस मंजूरी के बाद श्व100 फ्यूल पर चलने वाले वाहनों के लिए नियामक रास्ता साफ हो गया है। हालांकि, इस ईंधन का इस्तेमाल केवल उन्हीं वाहनों में किया जा सकेगा, जिन्हें निर्धारित मानकों के तहत सर्टिफिकेशन मिला हो।



E100 कार लॉन्चिंग से पहले बड़ा फैसला

सरकार का यह कदम ऐसे समय पर आया है, जब कुछ कार निर्माता कंपनियां श्व100 फ्यूल से चलने वाली गाड़ियों को बाजार में लॉन्च करने की तैयारी में हैं। श्व100 में 100 प्रतिशत एथेनॉल होता है, जबकि पेट्रोल में एथेनॉल की सीमित मात्रा मिलाकर तैयार किए जाने वाले ईंधन को एथेनॉल-ब्लेंडेड पेट्रोल कहा जाता है।

26-10-2026_Layout 1 27-10-2026 01:13 Page 4

नूरमहल में शरद पूर्णिमा महोत्सव 2026 आयोजित, हजारों लोगों ने लिया लाभ

जालंधर सिटी लाइव

नूरमहल। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के आरोग्य प्रकल्प के अंतर्गत 25 अक्टूबर, 2026 को संस्थान के नूरमहल परिसर में शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। आयुर्वेद और आध्यात्म के संगम पर केंद्रित इस महोत्सव में हजारों लोगों ने भाग लिया और आयोजन में उपलब्ध सेवाओं का लाभ लिया। महोत्सव का उद्देश्य प्राचीन भारतीय आयुर्वेद के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग करना था। इस अवसर पर आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से तैयार विशेष खीर का वितरण किया गया, जो आयोजन का प्रमुख आकर्षण रही। इस अवसर पर साध्वी सालोक्या भारती जी ने आयुर्वेद विषय पर व्याख्यान दिया और उपस्थित लोगों को आयुर्वेद के बारे में जानकारी दी। अपने व्याख्यान में उन्होंने



शरद पूर्णिमा के पारंपरिक महत्व और इस पर्व से जुड़ी मान्यताओं का भी उल्लेख किया। शरद पूर्णिमा की पारंपरिक मान्यताओं के अनुरूप चांदनी में खीर रखने और उसका सेवन करने की परंपरा का निर्वाह किया गया। इस अवसर पर लोगों को आयुर्वेद की परंपराओं और स्वास्थ्य-जागरूकता के महत्व से परिचित कराया गया। श्वास संबंधी समस्याओं, दमा, पुरानी खांसी और नज़ला जैसी शिकायतों वाले लोगों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई खीर भी वितरित की गई।

महोत्सव के प्रमुख आकर्षण

- विशेष शरद पूर्णिमा खीर का वितरण:* उपस्थित लोगों को परंपरा के अनुरूप तैयार की गई विशेष खीर वितरित की गई।
- जड़ी-बूटियों से तैयार खीर का वितरण:* हजारों लोगों ने आयोजन में वितरित विशेष खीर प्राप्त की।
- आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर:* आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोगों को परामर्श दिया।
- धार्मिक आयोजन:* भजन, कीर्तन एवं सत्संग के माध्यम से आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।
- महोत्सव में आए लोगों ने आयोजन की सराहना की और इसे आयुर्वेद के बारे में जानकारी प्राप्त करने का उपयोगी अवसर बताया।
- संस्थान ने भविष्य में भी जन-जागरूकता और सेवा से जुड़े ऐसे आयोजन जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

जालंधर के गोराया में ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर, 5 बहनों के इकलौते भाई की मौत

- हादसे की घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई
- ट्रैक्टर के गलत दिशा से आने की बात भी सामने आई
- मृतक के परिजन के बयानों पर एक्शन : चौकी इंचार्ज

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/बादल: जालंधर के गोराया में चीमा खुर्द गेट के पास ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव लल्लियां निवासी नवी पुत्र दूनी चंद के रूप में हुई है। नवी पांच बहनों का इकलौता भाई था। बताया जा रहा है कि हादसे की घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। ट्रैक्टर के गलत दिशा से आने की बात भी सामने आई है। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है, ताकि हादसे के सही कारणों का पता लगाया जा सके।



चीमा खुर्द गेट के पास बाइक की ट्रैक्टर से टक्कर

जानकारी के मुताबिक, नवी रविवार देर रात मोटरसाइकिल पर जा रहा था। इसी दौरान चीमा खुर्द गेट के पास उसकी बाइक की ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय ट्रैक्टर की केवल एक लाइट जल रही थी। चौकी इंचार्ज अवतार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों के बयानों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

कैमरे की आड़ में वसूली का खेल!

लुधियाना की तथाकथित पत्रकार सिमरन पर फूटा व्यापारियों का गुस्सा

कहा, लाखों की डिमांड करना और पैसे मिलते ही खबर गायब कर देना

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/जतिन: खुद को जर्नलिस्ट बताने वाली सिमरन के ब्लैकमेलिंग का हुआ भंडाफोड़। होटल मालिक से लेकर स्थानीय दुकानदारों का दावा–धमकाना, पैसे ऐंठना और चोरी छुपे वारदात को अंजाम देना ही है इस शातिर ब्लैकमेलर का असली चेहरा! पत्रकारिता के नाम पर ब्लैकमेलिंग का बड़ा धंधा, लुधियाना की तथाकथित पत्रकार सिमरन पर फूटा व्यापारियों का गुस्सा। आरोप है कि यह कोई



लुधियाना: आरोपी सिमरन

पहली बार नहीं है–पहले झूठी खबर का डर दिखाना, फिर लाखों की डिमांड करना और पैसे मिलते ही खबर गायब कर देना, यही बन चुका है इस ब्लैकमेलर सिमरन का गौरख धंधा लुधियाना में ब्लैकमेलिंग के आरोपों में घिरी महिला पत्रकार सिमरन की नई फुटेज वायरल, होटल मालिक ने लगाया झूठी खबर दिखाकर मोटी रकम वसूलने का गंभीर आरोप।

चोरी और जबरन वसूली के दावों के बीच स्थानीय व्यापारियों में भारी आक्रोश; सोशल मीडिया पर सबूत साझा कर पुलिस प्रशासन से की जा रही है सख्त कार्रवाई की मांग।

मिंटा कोछड़ ने नारी चेतना वेलफेयर सोसायटी को दिया एक लाख रुपये का सहयोग

नवनियुक्त भाजपा जिला सचिव हिमांशु शर्मा को किया गया सम्मानित

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। पूर्व पार्षद मिंटा कोछड़ की ओर से नारी चेतना वेलफेयर सोसायटी को सामाजिक कार्यों के लिए एक लाख रुपये का सहयोग दिया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त भाजपा जिला सचिव हिमांशु शर्मा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद मिंटा कोछड़ ने लोगों से सामाजिक संस्थाओं के साथ जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज की भलाई के लिए सभी को आगे आकर अपना योगदान देना चाहिए और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। नारी चेतना वेलफेयर सोसायटी की प्रधान अंजू शर्मा ने मिंटा कोछड़ का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके



सहयोग से संस्था को सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने में प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने संस्था की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि सोसायटी अब तक 17 से अधिक नि:शुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र खोल चुकी है। संस्था का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है और आने वाले समय में भी इस दिशा में नए कार्य किए जाएंगे। संस्था की सचिव संजू गुप्ता ने बताया कि सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण के साथ-साथ अब जरूरतमंद महिलाओं को नि:शुल्क मेकअप कोर्स भी करवाए जा रहे हैं। इसके लिए एक प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि संस्था महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस मौके पर नारी चेतना वेलफेयर सोसाइटी की कैशियर अनिता बाठला,रमन शर्मा ,मधु सेठी , अमरजीत कौर, पिंकी बेदी ,कमल मदान, सरला, स्नेह वर्मा, ऋतु ऋषि , चाहत बाहरी , शिखा अरोड़ा , चांद किरण, नीलम मदान, रमा बक्शी,अरुणा बजाज, आरती कुमार, उषा सरीन, पूनम सेखरी , सीमा पूँछी , मोना भंडारी, पूनम खुराना, कंगना , रेनू सेठी,रमा मक्कड़ ,कंचन अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

पंजाब में कांग्रेस बनाएगी सरकार, फिर से शांतिपूर्ण और नशामुक्त राज्य बनाएंगे पंजाब: के.सी. वेणुगोपाल

- 4 नवंबर को संगरूर से राहुल गांधी करेंगे 2027 के चुनावी अभियान का आगाज, पंजाब और पंजाबियों से उनका गहरा लगाव: वेणुगोपाल
- आप सरकार ने पंजाब को तबाही के कगार पर पहुंचाया, कानून-व्यवस्था चरमराई, नशा और बेरोजगारी बनी बड़ी चुनौती: कांग्रेस महासचिव

जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने विश्वास जताया कि कांग्रेस वर्ष 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर सरकार बनाएगी। पंजाब कांग्रेस भवन में प्रेसकांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी नेता और कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे और जीत हासिल करेंगे। कांग्रेस का लक्ष्य पंजाब को फिर से शांतिपूर्ण, सुरक्षित और नशामुक्त राज्य बनाना है। उन्होंने कहा कि पंजाब की शांति और भाईचारे की रक्षा करना कांग्रेस की प्राथमिकता है, लेकिन आम आदमी पार्टी की सरकार ने पिछले करीब पांच वर्षों में राज्य को तबाही के कगार पर पहुंचा दिया है। कानून-व्यवस्था की स्थिति



लगातार बिगड़ी है, नशा तस्करी का नेटवर्क फैल रहा है और युवाओं के सामने बेरोजगारी एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि नशा तस्करों को राजनीतिक संरक्षण मिलने और पुलिस-प्रशासन की निष्क्रियता के कारण आम लोगों का भरोसा कमजोर हुआ है। वेणुगोपाल ने कहा कि पंजाब को इस संकट से बाहर निकालने और राज्य को फिर से तरक्की के रास्ते पर ले जाने के लिए कांग्रेस पूरी मजबूती से संघर्ष करेगी। के.सी. वेणुगोपाल ने बताया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 4 नवंबर को संगरूर पहुंचेंगे और वहीं से पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 के लिए कांग्रेस के चुनावी अभियान का बड़े स्तर पर आगाज करेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का पंजाब और पंजाबियों के साथ गहरा भावनात्मक जुड़ाव है और पंजाब के लोग भी उन्हें बहुत पसंद करते हैं। उन्होंने कांग्रेस को लोकतांत्रिक मूल्यों पर चलने वाली पार्टी बताते हुए कहा कि यहां सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं की राय को महत्व दिया जाता है। संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को गति देने के लिए पार्टी ने आज चार महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इन बैठकों में नेताओं के साथ चुनावी रणनीति, संगठनात्मक मजबूती और आने वाले महीनों की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि पार्टी पूरी एकजुटता के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी और पंजाब के लोगों के सामने अपना दृष्टिकोण रखेगी। इस अवसर पर पंजाब कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव पूरी तैयारी और मजबूत रणनीति के साथ लड़ेगी। के.सी. वेणुगोपाल की अध्यक्षता में हुई बैठकों में पूरे दिन चुनावी तैयारियों और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गई है। राहुल गांधी के संगरूर दौरे की तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष सरदार परगट सिंह ने कहा कि कांग्रेस के सभी नेता और कार्यकर्ता पंजाब को बचाने तथा राज्य के हितों की रक्षा करने के लिए एकजुट होकर मैदान में उतर चुके हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार की जनविरोधी नीतियों और विफलताओं को जनता के सामने उजागर किया जाएगा। कांग्रेस को विश्वास है कि एकजुटता, जनहित के मुद्दों और मजबूत संगठन के दम पर पार्टी अपने प्रयासों में सफल होगी।

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

स्वामी, संपादक, मुद्रक, प्रकाशित रमेश चन्द्र नैयार ने 66 गुरु हरिकृष्ण नगर बस्ती गुजां जालंधर से मुद्रित एवं वचितरा प्रिंटर महाऋषि दयानंद मठ मार्केट, धन्न मोहल्ला, जालंधर से प्रकाशित किया।

EDITOR :
RAMESH CHANDER NAYYAR

Title Code : PUNHIN01951
Contact No : 9855559913

Responsible For Selections of News And Other Matter
As Prb Act All Disputer Will Be Fi&ed Under
The Jurisdictions of Distt. Jalandhr Courts.

